दैनिक

# पदमावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 286 • मुंबई, मंगलवार, 25 जून, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर ने दिलाई लोकसभा सदस्यता की शपथ

## 18वीं लोकसभा के पहले दिन ही हंगामा, विपक्ष ने निकाला मार्च



**नई दिल्ली ।** 18वीं लोकसभा के पहला सत्र के पहले दिन आज सोमवार को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई देने के बाद सबसे पहले पीएम नरेंद्र मोदी को लोकसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। पीएम मोदी के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री अमित शाह ने शपथ ली। उसके बाद अन्य नवनिर्वाचित सांसदों और मंत्रियों ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली।

लोकसभा सत्र की शुरुआत से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी दलों के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया पर विपक्ष ने जिस तरह अपनी ताकत का प्रदर्शन किया उससे साफ हो गया है कि सरकार को कई मुद्दों पर घेरने विपक्षी दल पूरी तैयार में हैं। बता दें कि लोकसभा सत्र शुरू होने से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संसद परिसर में संविधान की प्रति लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

इससे पहले पीएम मोदी ने संसद परिसर में अपने संबोधन के दौरान एक भारत श्रेष्ठ भारत की अनोखी तस्वीर प्रस्तुत की। जब पीएम मोदी पत्रकारों को संबोधित करने पहुंचे तो उनके साथ उत्तर से सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, दक्षिण से सांसद और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, पश्चिम से सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और उत्तर-पूर्व से सांसद और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू मौजूद थे। पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता विपक्ष से संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है ना कि नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान डालने की।

पीएम ने कहा कि देश को एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की जरुरत है। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन पीएम मोदी ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों से इस सत्र का इस्तेमाल जनहित में करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों से देश को बहुत अपेक्षाएं हैं। मैं सभी सांसदों से आग्रह करूंगा कि वे जनहित के लिए इस अवसर का उपयोग करें और जनहित में हर संभव कदम उठाएं।

पीएम ने कहा कि देश की जनता विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा रखती है। अब तक जो निराशा मिली है...इस 18वीं लोकसभा में देश का सामान्य नागरिक विपक्ष से अपेक्षा करता है कि वह जिम्मेवार विपक्ष के नाते अपनी भूमिका का निर्वाह करे, लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखने की देश उनसे अपेक्षा करता है...उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं कि विपक्ष उसमें खरा उतरेगा। पीएम ने कहा कि आम जन अपेक्षा करती है कि बहस सदन में ही हो।

उन्होंने कहा इस 18वीं लोकसभा में हमारे जो सांसद जीत कर आए हैं वह सामान्य जन की अपेक्षाओं को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। विकसित भारत के हमारे संकल्प को पूरा करना हम सबका दायित्व है कि हम मिलकर के उस दायित्व को निभाएं और जनता का विश्वास और मजबूत करें। लोकसभा चुनाव के नतीजों का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत के संविधान के निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करने के लिए देश की जनता ने एनडीए को लगातार तीसरी बार मौका दिया है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महान और भव्य विजय है और तब हमारा दायित्व भी तीन गुना बढ़ जाता है। हमें तीसरी बार मौका दिया है... दो बार सरकार चलाने का अनुभव हमारे साथ जुड़ा है। मैं देशवासियों को यकीन दिलाता हूं कि हमारे तीसरे कार्यकाल में हम पहले से तीन गुना ज्यादा मेहनत करेंगे। हम परिणामों को भी तीन गुना लाकर के रहेंगे। इस संकल्प के साथ हम इस नए कार्यभार को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दिन ही विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लोकसभा सदस्य संसद परिसर में जमा हुए और एक साथ सदन की ओर मार्च किया। विपक्षी गठबंधन के सांसद पुराने संसद भवन के गेट नंबर 2 के पास जमा हुए, जहां कभी गांधी प्रतिमा हुआ करती थी। मार्च निकाल रहे नेताओं ने कहा कि हम इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। नरेंद्र मोदी सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। जिस तरह से प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति की है, वह संविधान के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। वहीं सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों पर कहा है कि मैंने सभी नेताओं से मुलाकात की है...सभी इस बात पर सहमत हैं कि भारतीय संसद के इतिहास में प्रोटेम स्पीकर कभी मुद्दा नहीं रहा और प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति मूलरूप से नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने और नए अध्यक्ष के चुनाव में मदद करने के लिए होती है।

बता दें कि 18वीं लोकसभा के पहले और दूसरे दिन नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र गुरुवार से शुरू होगा। संसद का यह सत्र तीन जुलाई तक प्रस्तावित है।

## फर्जी दस्तावेज़ से भूमि अधिग्रहण मामले में उदयपुर में तीन गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर के विभिन्न स्थानों पर आज सुबह पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की, जिसके तहत तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। यह मामला फर्जी दस्तावेज़ के माध्यम से भूमि अधिग्रहण का है।

दरअसल पुलिस ने प्रेम शंकर की शिकायत पर कार्रवाई की है। शंकर और उनके परिवार के सदस्यों ने दावा किया था कि उनकी जमीन को बिना किसी विधिक प्रक्रिया के फर्जी दस्तावेज़ों के जरिए अधिग्रहण किया गया है।

पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य आरोपी दिलीप माली शामिल हैं। साथ ही, आरोपी राजेश खटीक और लोकेश मेघवाल भी गिरफ्तार किए गए हैं।

पुलिस द्वारा कार्रवाई के तहत सभी आरोपियों से सबूतों की जांच की जा रही है। इसके अलावा, आरोपियों के संबंध में और भी गहन जांच जारी है ताकि इस मामले की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

## भाजपा कुंदरकी से उपचुनाव में मुस्लिम चेहरे पर लगा सकती हैं दाव

### हाजी जहीर अहमद हो सकते हैं विधानसभा प्रत्याशी - सूत्र

पदमावत मीडिया

**मुरादाबाद ।** कुंदरकी विधानसभा में आज तक तुर्क बिरादरी का ही दबदबा रहा है भाजपा के वरिष्ठ नेता हाजी जहीर अहमद भी तुर्क बिरादरी से आते हैं जो कि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से एक हैं उन्होंने लंबे समय से विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी की सेवा की है, हाजी जहीर अहमद लंबे समय तक भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रहे हैं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठन मंत्री, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संस्थापक सदस्य, एवं उत्तर प्रदेश के संयोजक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में भाषा विभाग उर्दू अकादमी के



वरिष्ठ सदस्य है, हाजी जहीर अहमद तुर्क है, और क्षेत्र के बड़े कारोबारी हैं वर्तमान में कुंदरकी विधानसभा से सपा के विधायक तुर्क बिरादरी से ही थे, उनके इस्तीफे के बाद कुंदरकी विधानसभा में उपचुनाव होना है जिसमें हर पार्टी अपने प्रत्याशी को जाति समीकरण के आधार पर तय करती है कुंदरकी विधानसभा पर भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहा था विधानसभा कुंदरकी तुर्क बाहुल्य सीट मानी जाती है जिसमें अधिकतर संख्या तुर्क बिरादरी की है इसलिए विधानसभा कुंदरकी पर तुर्क बिरादरी का ही दबदबा माना जाता है, जो भी विधायक बनता है वह तुर्क ही बनता है जाति समीकरण के आधार पर हाजी जहीर अहमद भाजपा से प्रत्याशी हो सकते हैं, तथा ब[illegible] जीत हांसिल कर भाजपा को उपचुनाव में जीत दिला सकते है ।

## देश के कई राज्यों में मानसून की आमद महाराष्ट्र-गुजरात में हो सकती है भारी बारिश





**नई दिल्ली ।** देश के आधे से ज्यादा राज्यों में मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है। वहीं कुछ राज्यों में प्री-मॉनसून की बारिश हो रही है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिली है। मौसम विभाग की मानें तो आज यानी सोमवार को कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं बिहार और झारखंड में मंगलवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान कुछ हिस्सों में अभी भी हीटवेव का प्रकोप जारी है।

भीषण गर्मी की मार झेल रही दिल्ली में मौसम बदल गया है और प्री-मॉनसून की बारिश शुरू हो गई हैं, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में सोमवार यानी 24 जून से 29 जून तक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में मानसून के आने के बाद भीषण गर्मी से पूरी तरह राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक इस पूरे हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 39 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है और न्यूनतम तापमान 28 से 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 24 घंटों में तटीय कर्नाटक और केरल में धीमी से भारी बारिश हो सकती है। वहीं कोंकण और गोवा दक्षिण गुजरात बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश सिक्किम, लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश हो सकती है।

मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पूर्वी गुजरात, ओडिशा और पूर्वोत्तर भारत में हल्की बारिश हो सकती है। रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक, गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार, यूपी, झारखंड दक्षिणपूर्व राजस्थान में हल्की बारिश के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में है, जिसकी धुरी समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊपर है, जो करीब 28 डिग्री अक्षांश के उत्तर और 68 डिग्री पूर्वी देशांतर के साथ चल रही है। वहीं उत्तर-पश्चिम राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तान पर एक चक्रवाती तूफान का दबाव बना हुआ है। इसके अलावा पूर्वी यूपी पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। वहीं पूर्वी राजस्थान से मणिपुर तक उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, मेघालय और दक्षिण असम से होते हुए एक पूर्व-पश्चिम गर्त समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर है। असम पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

## श्वानशाला खोलना सुप्रीम कोर्ट के नियम के विरुद्ध श्वानों की नसबंदी और टीकाकरण पर ध्यान देना जरूरी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उदयपुर में श्वानशाला खोलने के मुद्दे पर सोमवार को उदयपुर के कुछ पशु प्रेमियों ने उदयपुर के महापौर गोविन्द सिंह टांक से मुलाकात की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के एनिमल बर्थ कण्ट्रोल 2022-23 के नियमों पर विचार किया गया जिसके अनुसार श्वानशाला बनाना नियमों के विरुद्ध होना बताया गया। पशु प्रेमियों ने सुझाव दिया है कि सभी संस्थाएं मिलकर काम करें ताकि श्वानों की नसबंदी और टीकाकरण का काम और तेजी से हो सके। पशु प्रेमी डौ. माला मड्डा ने कहा कि एनिमल बर्थ कण्ट्रोल नियमों के अनुसार श्वान को जहाँ से लिया है उसकी नसबंदी करने के बाद उसे वापिस वही छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई डॉग एग्रेसिव है तो उसके लिए भी जीव जंतु कल्याण बोर्ड के नियमों की पालना करते हुए श्वान को संस्था की देखरेख में रखें और प्रोटोकॉल पूरा करके श्वान को वापिस उसी जगह छोड़े। मीटिंग में पशु प्रेमी क्लेयर अब्राहम, डॉ मयंका सेठ, कपिल सोनी, मोनिका शर्मा, डॉ माला मड्डा, रुक्मणि जैन, राजकिशोर वर्मा और मयंक बजाज आदि मौजूद थे।

## नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत नुक्कड सभा व शपथ दिलाई

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ ।** नाहरगढ पुलिस ने नशा मुक्ति के संबंध में जन-जागृति अभियान अन्तर्गत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया । नशा मुक्ति के संबंध में जन-जागृति अभियान अन्तर्गत ग्राम पाल्यामारू में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में उपस्थित ग्रामीणजनों को अवगत कराया व शपथ दिलाई गई । थाना प्रभारी आर सी ढांगी जानकारी देकर जागरूक करते हुए।



## उदयपुर के कायाकिंग एवं कैनोइंग कोच निश्चय सिंह चौहान का भारतीय ड्रैगन बोट टीम मे चयन

पदमावत मीडिया

भारतीय ड्रेगन बोट के चेयरपर्सन श्री दिलीप सिंह चौहान और कैनो स्प्रिंट चेयरमैन श्री पियूष कच्छवाहा ने बताया की फतेहसागर पर संचालित रिजनल कायाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र पर कायकिंग कैनोइंग खेल के प्रशिक्षक (कोच) निश्चय सिंह चौहान का चयन भारतीय ड्रैगन बोट टीम में हुआ है।

निश्चय सिंह चौहान रशिया (बरनॉल) में दिनाँक 28 से 30 जून 2024 को आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता हेतु 24 जून को दिल्ली से रवाना होंगे उक्त प्रतियोगिता में भारतीय टीम से कुल 14 खिलाडी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा विश्व भर के करीब 1200 से ज्यादा श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राजस्थान कयाकिंग संघ के सचिव ने बताया कि निश्चय सिंह चौहान अंतरराष्ट्रीय कैनो फेडरेशन और भारतीय कायाकिंग एवं कैनोइंग संघ से से मान्यता प्राप्त कोच है तथा विगत 12 वर्षो से इस खेल का प्रशिक्षण फतेहसागर पर संचालित रिजनल कायाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र पर बच्चो के दे रहे है अभी तक इनसे प्रशिक्षण प्राप्त 6 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में कर चुके है तथा लगभग 80 से ज्यादा खिलाड़ीयो के पास राष्ट्रीय पदक है।

इस उपलब्धि पर निश्चय सिंह चौहान को

राजस्थान कैनो स्प्रिंट चेयरमैन पियूष कच्छवाहा, राजस्थान कायाकिंग संघ के अध्यक्ष आर.



के धाभाई, उपाध्यक्ष चंद्र गुप्त सिंह चौहान, संघ के उपाध्यक्ष भगवान स्वरुप वैष्णव, राजस्थान ड्रैगन बोट चैयरमेन अजय अग्रवाल, सालालोम चैयरमेन नवल सिंह चुण्डावत,चैयरमेन तुषार मेहता, तकिनीकी सलाहकार दीपक गुप्ता, त्रिलोक वैष्णव राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग संघ के अधिकारियो ने उक्त प्रतियोगिता मे पदक जितने के लिए शुभकामनायें प्रेषित करी !

## सतत विकास लक्ष्यों पर समीक्षा बैठक

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सतत् विकास लक्ष्यों पर समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में हुई। बैठक में नवीनतम जारी राजस्थान एसडीजी इंडेक्स 2024 वर्सन 5.0 पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में संयुक्त निदेशक एवं सदस्य सचिव (एसडीजी) डॉ. पीयूष कुमार भण्डारी ने जिले की रैंकिंग, गोल वाइज तथा इंडिकेटर वाइज प्रगति पर पीपीटी प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने गत वर्ष उदयपुर जिले की रैंकिंग राज्य में 25 वें स्थान से इस वर्ष 12 वें स्थान पर आने पर हर्ष व्यक्त किया। साथ ही, उदयपुर जिले के एसडीजी स्टेटस रिपोर्ट वर्ष 2024 के संस्करण बाबत कुछ विभागों से अपेक्षित सूचनाओं को जल्द प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एसडीजी के सदस्य विभागों के प्रतिनिधि, मुख्य आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी लव कुमार पारीक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधान सभा अध्यक्ष श्री देवनानी का अभिनन्दन उदयपुर में स्व. सुन्दर सिंह भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया सम्मान

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** स्वर्गीय सुन्दर सिंह भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट, उदयपुर द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह में उत्कृट शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी का शॉल ओढाकर, साफा पहनाकर और प्रशस्ती पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे और मंत्री श्री बाबूलाल खराडी ने श्री देवनानी का सम्मान किया।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी को स्व. सुन्दर सिंह भण्डारी का सानिध्य मिला। स्व. भण्डारी उनके पथ प्रदर्शक भी रहे। श्री देवनानी ने स्व. भण्डारी के साथ अनेक अवसरों पर सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ पोलिटेक्नीक पुरस्कार, सिन्धु गौरव और सिन्धु र| अलंकरण से सम्मानित श्री देवनानी अपने तपोमय जीवन से युवा पीढी का पथ ज्योतित कर रहे है।

श्री देवनानी को भेंट किये गये अभिनन्दन पत्र में उल्लेख किया गया है कि वे राष्ट साधना पथ के अनथक पथिक, पावन अधिष्ठान के आराधक एवं आदर्श तथा अनुकरणीय व्यक्तित्व के धनी है। उन्होंने बेचलर ऑफ इन्जिनियरिंग (इलेक्ट्रीकल) की उपाधि लेने के उपरान्त उदयपुर स्थित विद्या भवन पोलिटेक्नी ऑफ महाविद्यालय में अध्ययन कार्य करते हुए प्राचार्य पद का दायित्व वहन करते हुए सेवा निवृत्ति ली। श्री देवनानी ने अनेक राज्यों में राष्ट स्तरीय शैक्षिक सम्मेलनों और सेमिनार में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को विस्तारित किया। श्री देवनानी इस ट्रस्ट के आजीवन सदस्य है। उन्होंने ट्रस्ट की स्थापना से लेकर विभिन्न



अवसरों पर अपनी विशिष्ट दक्षता का परिचय दिया। महाविद्यालय से सेवानिवृत्ति के पश्चात श्री देवनानी की राजनीतिक प्रतिभा को नये आयाम मिले। वर्ष 2003 से वे अजमेर विधान सभा उत्तर क्षेत्र से लगातार विधायक निवार्चित हो रहे है। इस दौरान उन्होंने राज्य मंत्री और स्वतन्त्र प्रभाव राज्य मंत्री के रूप में अपनी राजनीतिक प्रतिभा का दिग्दर्शन कराते हुए वर्तमान में राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष का गुरूतर दायित्व संभाल रहे है।

सम्मान समारोह में बताया गया कि श्री देवनानी समाज की उन्नति के लिए निरन्तर सक्रिय रहे है। राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के विगत छः वर्षो से सदस्य रहते हुए सिन्धी समाज की उन्नति के अनेक उपक्रम करते रहे है। वर्तमान में भारतीय सिन्धु सभा की कार्यकारिणी के सदस्य भी है। श्री देवनानी को उनकी बेहतर व युवा पीढी को आगे बढाने वाली लाईफटाइम उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस पार्टी संगठन को ब्लॉक स्तर व विधानसभा स्तर पर मजबूत कर, मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाये- डोटासरा

पदमावत मीडिया

**नागौर ।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा से डेगाना विधानसभा क्षेत्र से एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। नागौर जिला कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हनुमानराम बांगड़ा, डेगाना शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद गिरधारी मुंडेल के नेतृत्व में डेगाना विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा से पीसीसी कार्यालय जयपुर में मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि डेगाना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता और कांग्रेस संगठन पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अभी लोकसभा चुनावों में किसी भी तरह से संगठन में बड़े नेताओं के जाने के बाद भी पिछली बार लोकसभा चुनावों में 60 हजार की कांग्रेस की हार हुई थी, जो इस बार बराबर हो चुकी है। इसलिए कांग्रेस संगठन और कार्यकर्ता मजबूत है। अब बूथ स्तर पर व ब्लॉक स्तर पर संगठन का अभियान चलाकर, संगठन के अधीन आने वाले संगठनों को भी मजबूत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल से डेगाना ब्लॉक, भैरुंदा ब्लॉक व स्थानीय कार्यकारिणी, संगठन सहित संगठन में सभी बड़े, बुजुर्गों, युवाओं और नेताओं को एक साथ लेकर मजबूत करने और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही स्थानीय स्तर के बड़े मुद्दों को उन्होंने विधानसभा स्तर पर उठाने की बात कहीं। प्रदेशाध्यक्ष ने स्थानीय स्तर पर बिजली, पानी की समस्याओं को लेकर भी चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए जल्द ही रूपरेखा तय कर आंदोलन चलाएंगे। आगामी दिनों में उन्होंने डेगाना व मेड़ता क्षेत्र का दौरा करने के बीच संकेत दिए। उल्लेखनीय है, कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी संगठन में पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सहित ब्लॉक अध्यक्षों ने भी भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद यहां लगभग सभी पद खाली है। मगर, लगातार संगठन के रूप में जुड़े कार्यकर्ता व संगठन के पदाधिकारी डटकर काम कर रहे हैं।

# जीवन में अच्छे कार्यों के लिए मानव को आगे रहना चाहिए - पलाड़ा



पदमावत मीडिया

**नागौर ।** सोमवार को भारतीय खो-खो संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता भंवरसिंह पलाड़ा के जन्मदिन पर कस्बे सहित जिलेभर में जनसेवा से जुड़े कार्य आयोजित हुए। मीडिया प्रभारी जुगल दायमा ने बताया कि हरसौर कस्बे में डॉ राघवेंद्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ द्वारा हॉस्पिटल में फल वितरण, पुलिस चौकी में पौधरोपण सहित अन्य सेवा कार्य हुए। पर्यावरण प्रेमी विकास सोनी द्वारा शमशान घाट में पौधरोपण किया गया। ग्राम भेरूंदा में मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह गुढ़ा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। ग्राम गुढ़ा की खारची नाडी में पशुओं के लिए पेयजल टंकी का लोकार्पण सरपंच रघुवीर सिंह गुढ़ा और भाजपा नेता मोहब्बत सिंह ने किया। ग्राम गोल में युवा नेता कुलदीप सिंह की अगुवाई में स्कूल में पौधरोपण किया गया। ग्राम भकरी की गौशाला में समाजसेवी सुरजन सिंह झाला की अगुवाई में चारा खिलाया गया। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अजमेर में पलाड़ा को जन्मदिन की बधाई देकर माल्यार्पण, बुके भेंट किया। ग्राम रघुनाथपुरा में रक्तकोष फाउंडेशन के संयोजक की अगुवाई में कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर घनश्याम सिंह बनवाड़ा, श्याम सिंह तसवारियां, जर्नलिस्ट कृति पाराशर, प्रतिभा सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आर्ट(कला) से रखे तनाव मुक्त जीवन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** तनाव या स्ट्रेस ही जीवन में हर प्रकार के दोषों अर्थात बीमारियों का कारण हैं और इससे मुक्ति के लिए हम विभिन्न उपाय करते हैं ताकि स्वस्थ बने रहें एवं जीवन तनाव रहित बने। कला (आर्ट) एक माध्यम हैं जो रंग और कूची के माध्यम से हमारी भावनाओं को कागज पर उतार अभिव्यक्ति के साथ साथ तनावरहित होने में कारगर हैं। इसी श्रृंखला में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल के नर्सिंगकर्मियों के लिए पीडिलाईट इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यशाला समन्वयक डॉ.राहिला घोड्च ने 32 से अधिक प्रतिभागियों को के ऐब्सट्रेक्ट आर्ट की बारीकियों को फेविक्रिल के पेस्टल कलर्स का उपयोग करते हुए समझाया।

कार्यशाला का उद्घाटन पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने किया और सभी का हौसला बढ़ाया, पीडिलाईट के इंडस्ट्रीज लि. के राजस्थान राज्य के एएमडीआई गोपाल माथुर ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रषित की।

कार्यक्रम में एच. आर. प्रबंधक नवनीत सिंह गौर ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि कार्यालय में तनाव मुक्त जीवन के लिए ऐसी कार्यशालाएं नितांत आवश्यक हैं जो दैनिक कार्य के हमें हमारी कल्पना शक्ति को अभिव्यक्त करने और रंगों के माध्यम से उसे प्रदर्शित करने का माध्यम बनती हैं और तनाव के बेहतर प्रबंधन एवं निस्तारण में सहायक होती हैं।

प्रतिभागियों ने बढ़-पढ़ कर इस कार्यशाला में भाग लिया और कहा कि ऐसी कार्यशालाएं और आगे भी आयोजित की जाए तो हमें हमारा काम करने और तनाव रहित जीवन जीने में आनंद और प्रोत्साहन मिलेगा। अंत में कार्यशाला समन्वयक डॉ. राहिला घोड्च ने पीएमसीएच के प्रबंधन और एचआर विभाग के तरुण, प्रवीण,महेन्द्र,कुंदन,हेमंत आदि कार्मिकों का धन्यवाद दिया।

# मस्कुलर डिस्ट्रॉफी क्लीनिक का उद्घाटन

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक हॉस्पिटल, उदयपुर के बहिरंग विभाग में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सेंटर एवं ई सी जी का उद्घाटन आरएनटी मेडिकल कॉलेज ,उदयपुर के प्रधानाचार्य डॉ विपिन माथुर एवं डॉ तरुण कुमार रहलोत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ विनोद जाटव , डॉ ज्योति गोठवाल, डॉ मोहम्मद आसिफ , आरएनए जिला अध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा, संरक्षक रमेश मीणा , सुनीता सिंह, राकेश राठौड़, जितेंद्र देवड़ा, इस्लाम मोहम्मद, सलीजा बेथ मैथ्यू ,रीना आमेटा, कृष्ण भोई, शिल्पी ऑस्टिन व नीलम गर्ग उपस्थित थे।

# नाहरगढ पुलिस ने चलाया नशा मुक्त सप्ताह के दौरान जन जागरूकता अभियान

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ ।** नाहरगढ पुलिस ने नशा मुक्ति सप्ताह के दौरान चलाया ज़न जागरूकता अभियान, वहीं उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध की गयी सख्त कार्यवाही, 1000 लीटर करीबन लहान व निर्माण सामग्री नष्ट और 57 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त, 04 व्यक्ति्तयो पर आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया तथा घटना का संक्षिप्त विवरण कार्यवाही का पुलिस मुख्यालय भोपाल व्दारा समाज में नशे के विरूद्द जागरूकता लाने हेतु दिनांक 20.06.2024 से 26.06.2024 तक नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह के रूप में आयोजित किये जाने संबंधी आदेश के तारतम्य में अनुराग सुजानिया पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में गौतम सोलंकी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं सुश्री कीर्ती बघेल एसडीओपी महोदय मंदसौर ग्रामीण के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी व टीम द्वारा ग्राम पाल्यामारू बांछड़ा डेरों में अवैध शराब के संबंध में दबिश देकर आबकारी एक्ट के कुल 04 प्रकरणों में 57 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की व कुल 1000 लीटर लहान नष्ट करने की कार्यवाही कर नशा मुक्ति के संबंध में जन-जागृति अभियान अन्तर्गत नुक्कड़ सभा का आयोजन कर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया।

समाज में नशे के विरूद्द ज़न जागरूकता लाने हेतु नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह के रूप में आयोजित किये जाने संबंधी आदेश प्राप्त हुए, जिसके संबंध में आज दिनांक 23.06.24 को थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी व्दारा एक विशेष टीम का गठन कर ग्राम पाल्यामारू बांछड़ा डेरों में अवैध शराब के संबंध में दबिश कार्यवाही की गई, जिसके अन्तर्गत भुलीबाई पति शान्तीलाल बांछड़ा उम्र 50 वर्ष, किरणबाई पति मनोज बांछड़ा उम्र 25 वर्ष, शान्तीबाई पति भगवानलाल बांछड़ा, उम्र 59 वर्ष व गिलासीबाई पति शान्तीराम बांछड़ा 60 वर्ष चारों



निवासी पाल्यामारू के कब्जे से कुल 57 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की गई व अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त 1000 लीटर लहान नष्ट किया गया । आरोपियों के खिलाफ 34 आबकारी अधिनियम में अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

यह कार्यवाही नाहरगढ़ पुलिस व्दारा सतत की जावेगी।

नशा मुक्ति के संबंध में जन-जागृति अभियान अन्तर्गत ग्राम पाल्यामारू में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में उपस्थित ग्रामीणजनों को अवगत कराया व शपथ दिलाई गई । नाम आरोपिया (1) भुलीबाई पति शान्तीलाल बांछड़ा उम्र 50 वर्ष, निवासी पाल्यामारू , (2) किरणबाई पति मनोज बांछड़ा उम्र 25 वर्ष निवासी पाल्यामारू, (3) शान्तीबाई पति भगवानलाल बांछड़ा, उम्र 59 वर्ष निवासी पाल्यामारू, (4) गिलासीबाई पति शान्तीराम बांछड़ा 60 वर्ष निवासी पाल्यामारू। सराहनिय कार्य थाना प्रभारी नाहरगढ़ निरीक्षक आर.सी. दांगी, उनि. जे.सी. हाड़ा, सउनि. करूणानिधिसिंह, प्र.आर. 642 जुझारलाल, प्र.आर. 30 नरेन्द्रसिंह, आर. 311 महेन्द्रसिंह, आर. चालक लियाकत मेव का सराहनीय योगदान रहा ।

# रक्तदान शिविर में 181 यूनिट रक्त हुआ एकत्र जरूरत मरीजों को मिलेगा लाभ

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** फतेह स्कूल के सामने स्थित निरंजनी अखाड़ा श्री हनुमान मंदिर में परम पूज्य ब्रह्मलीन महंत श्री श्री 108 श्री सुरेश गिरी जी महाराज की तृतीय पुण्यतिथि स्मरण के अवसर पर श्री बालाजी सेवा समिति एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस षिविर रक्तदाताओं ने 181 यूनिट रक्तदान किया।

शिविर के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद महानगर मंत्री अशोक प्रजापत,अध्यक्षता बजरंग दल जिला संयोजक उदयपुर महानगर ललित लोहार एवं विशिष्ट अतिथि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना महिला विंग जिला अध्यक्ष कृष्णा राठौर थी।

शिविर का शुभारंभ वर्तमान महंत श्री अमर गिरी जी महाराज जी ने रक्तदान कर किया। शिविर संयोजक राजेश तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन के लिए रक्तदाता युवा वाहिनी के रोहित जोशी,कपिल दया, रोवर लीटर सुरेश प्रजापत,राज्य सरकार द्वारा रक्तदान सेवा में सम्मानित सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन संस्थापक गोपाल विजयवर्गीय,बालाजी सेवा समिति के महेंद्र नैनावा, शंकर सनाढ्य,रामकुमार प्रजापत,सुनील पूर्बिया, भूपेंद्र भाटी, सुनील कटारा, राजश्री वर्मा,आरसीए के पीयूष



चैधरी एवं उनकी टीम आदि का सहयोग रहा। शिविर में पीएमसीएच ब्लड बैंक टीम के डॉ.मुकेश मलिक, अनिल सहदेव जुल्फिकार अली, प्रियंवदा सिंह,लवीना अग्रवाल एवं राजेंद्र सिंह में अपनी सेवाएं दी।

## असम के राज्यपाल श्री कटारिया व वन मंत्री श्री शर्मा ने उदयपुर को दी नई सौगातें

# अंबेरी में बटरफ्लाई पार्क एवं चिल्ड्रन एडवेंचर जोन व इको टूरिज्म एडवेंचर जोन का किया शुभारंभ





पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** विश्व पटल पर पर्यटन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखने वाले उदयपुर शहर के लिए सोमवार का दिन सौगातों भरा रहा। लेकसिटी को वन विभाग की ओर से सोमवार को विभिन्न विकास कार्यों व नवाचारों की सौगात मिली। असम के राज्यपाल माननीय गुलाबचंद कटारिया एवं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने शहर में बटरफ्लाई पार्क, चिल्ड्रन एडवेंचर जोन, ईको टूयूरिज्म एडवेंचर जोन, लवकुश वाटिका का उद्घाटन एवं उबेश्वर महादेव में जल संरक्षण संरचनाएं, होल्डिंग एरिया तथा सज्जनगढ़ में लॉयन सफारी का शिलान्यास किया। अंबेरी में बटरफ्लाई पार्क, चिल्ड्रन एडवेंचर जोन, ईको टूयूरिज्म एडवेंचर जोन के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि हमारे पुरखों ने उदयपुर को जहां बसाया वास्तव में बहुत अच्छी जगह है। चारों तरफ पहाड़ियां है, खुबसूरत झीलें हैं और नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण वातावरण, यह सब पुरखों की देन है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ का इतिहास गौरवशाली रहा है और आज मेवाड़ जिस ऊंचाई पर है वह भगवान एकलिंगनाथ की देन है।

उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि आज हमें इन सौगातों को शुरू करने का अवसर मिला इसके लिए वन विभाग की पूरी टीम तारीफ के काबिल है। वास्तव में अधिकारियों ने जिस लगन, मेहनत और ईमानदारी ने जो विकास एवं नवाचार किये है उससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लेकसिटी को नई पहचान। उन्होंने उदयपुर में वन विकास के लिए कार्यक्रम उपस्थित वन विभाग के पूर्व अधिकारी इंद्रपालसिंह मथारू, राहुल भटनागर, ओ.पी.शर्मा आदि के प्रयासों को सराहनीय बताते हुए उनको धन्यवाद दिया। कटारिया ने कहा कि जिला प्रशासन, नगर निगम, उदयपुर विकास प्राधिकरण, हिन्दुस्तान जिंक, आएएमएसम, डीएमफटी जैसे संगठन सहित सभी उदयपुरवासियों के समन्वित प्रयासों से आज हमारे उदयपुर के आसपास का जंगल हरा-भरा है और हमारी इसी सामूहिक भावना उदयपुर के विकास का पहिया आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जो पेड़-पौधे हम लगाते आए है वे सभी आज सुरक्षित है और फल-फूल कर विकसित हो चुके है यह खुशी की बात है। उन्होंने इन प्राकृतिक स्थलों को सहेजकर रखने के लिए स्थानीय कार्मिकों व समिति सदस्यों को भी साधुवाद दिया।

डीएमएफटी से जारी हुई त्वरित स्वीकृतियांः

कटारिया ने उदयपुर के विकास को गति प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के प्रयासों की सराहना की और डीएमएफटी मद से 208 करोड़ रुपए की त्वरित स्वीकृतियां जारी करने की जानकारी देते हुए कहा कि इससे उदयपुर के विकास को एक नई दिशा मिलेगी। कटारिया ने कहा कि सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के स्तर पर उदयपुर का चहुंमुखी विकास हुआ है। कटारिया ने कहा कि जो विकास कार्यों की सौगात आज उदयपुरवासियों को मिली है। उनका सदुपयोग एवं उन्हें मेनटेन रखना हम सभी का दायित्व है।

उदयपुर पर रही प्रकृति की अनूठी कृपा »

उन्होंने कहा कि उदयपुर वासियों पर प्रकृति की अनूठी कृपा रही है। आज लवकुश वाटिका के रूप में नए डेस्टिनेशन का शुभारंभ किया है। वहीं सज्जनगढ़ के प्रति पर्यटकों व आमजन का उत्साह लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही यहां पार्क में घडियाल का कुनबा बढ़ा है यह भी अच्छी बात है। आज ही हम लॉयन सफारी व उबेश्वर महादेव जी में जल संरक्षण संरचनाओं का शिलान्यास भी कर रहे है, यह भी एक पाइंट होगा। हमारा गुलाबबाग का बर्ड पार्क भी आज विशेष आकर्षण का केन्द्र बन चुका है। यह वास्तव में उदयपुर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जयसमंद अभयारण के विकास पर जोर देने की बात कही। समारोह में अतिथियों ने बटरफ्लाई विषयक एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि पर्यटन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले उदयपुर को वन विभाग के तत्वावधान में कई सौगातें देने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नैसर्गिक दृष्टि से समृद्ध उदयपुर में वन विभाग द्वारा विकसित किए गए यह स्थान आगामी दिनों में उदयपुर को और अधिक गौरव प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि उदयपुर में वन विकास के साथ यहां के चहुंमुखी विकास के लिए श्री गुलाबचंद कटारिया के प्रयास अनुकरणीय है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं वन विभाग की पूरी टीम का भी आभार जताया।

इस अवसर पर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, एसपी योगेश गोयल, मुख्य वन संरक्षक एस.आर.वी मूर्थी, सभागीय मुख्य वन संरक्षक सुनील चिद्री, उप प्रमुख पुष्कर तेली, समाजसेवी रवीन्द्र श्रीमाली, सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

इन स्थलों का लोकार्पण, शिलान्यास

असम के राज्यपाल श्री कटारिया एवं वन मंत्री श्री शर्मा ने सर्वप्रथम दूध तलाई के समीप नवनिर्मित लवकुश वाटिका का लोकार्पण किया। शहर के बीच आमजन को वन भ्रमण का अनुभव उपलब्ध कराते हुए आमजन में वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से उक्त वाटिका का निर्माण कराया गया है। इसमें बच्चों के लिए एडवेंचर एक्टिविटी, ईको ट्रेक आदि निर्मित हैं।

इसके पश्चात अतिथि अंबेरी पहुंचे। वहां उन्होंने नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर के वित्तीय सहयोग से 50 लाख रूपए की लागत से तैयार बटरफ्लाई पार्क का लोकार्पण किया। यहां पर तितली विशेषज्ञ मुकेश पंवार ने बजाया कि जैव विविधता को समर्पित उक्त पार्क में 83 प्रजातियों की तितलियां देखने मिलेंगी। उन्होंने यहां पर तितलियों के कैटर पिलर और होस्ट प्लांट आदि के बारे जानकारी दी। इस दौरान अतिथियों ने इस पार्क निर्माण में सराहनीय सेवाएं देने के लिए मुकेश पंवार का अभिनंदन भी किया। यहां पर अतिथियों ने पौधारोपण भी किया।

अतिथियों ने अंबेरी में ही युडीए मद से 25 लाख रूपए की लागत से तैयार चिल्ड्रन एडवेंचर जोन का भी लोकार्पण किया। यहां बच्चों के लिए पर्यावरण अनुकूल साहसिक गतिविधियां एवं झूले इत्यादि की स्थापना की गई है। इसी क्रम में वनखण्ड गमधर में युडीए मद से 48 लाख रूपए की लागत से तैयार ईको-ट्यूरिज्म एडवेंचर जोन का भी लोकार्पण किया। इसमें स्काई साइकिलिंग, वॉल क्लाईबिंग, ग्रेन्ट स्विंग आदि स्थापित किए गए हैं। अतिथियों ने सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में प्रदेश की दूसरी लॉयन सफारी की आधारशिला भी रखी। लॉयन सफारी बनने के बाद उदयपुर में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। असम के राज्यपाल श्री कटारिया, वन मंत्री श्री शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने ईको ट्यूरिज्म स्थल उबेश्वर जी में डीएमएफटी मद से 477.48 लाख रूपए की लागत से तैयार जल संरचनाओं का भी लोकार्पण किया। इसके तहत उबेश्वर जी महादेव स्थित प्रमुख प्राकृतिक नाले को ड्रेनेज लाइन ट्रीटमेंट के आधार पर उपचारित कर जल संरचनाएं निर्मित की गई हैं, ताकि वर्षा जल को संरक्षित किया जा सके।





# बरसात में बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द

## जानें इसके कारण और राहत के आसान उपाय

ठंड बढ़ने के साथ ही जोड़ों में दर्द बढ़ने की शिकायत लोग करने लगते हैं। आइए जानें बरसात में जोड़ों के दर्द की समस्या से राहत के कुछ घरेलू उपायों के बारे में।

जॉइंट पेन या जोड़ों के दर्द की समस्या बरसात और ठंड के मौसम में बढ़ जाती है। दरअसल, मौसम बदलने के साथ ही हमारा डाइजेस्टिव सिस्टम के काम करने का तरीका बदल जाता है जिससे ना केवल डाइजेशन से जुड़ी समस्याए बढ़ने लगती है वहीं, ठंड बढ़ने के साथ ही जोड़ों में दर्द बढ़ने की शिकायत लोग करने लगते हैं। जॉइंट पेन बढ़ने के अन्य कई कारण भी हो सकते हैं जैसे, पुरानी चोट, कमजोर हड्डियां या किसी तरह का इंफेक्शन। वहीं, खान-पान और लाइफस्टाइल से जुड़ी कई गलतियों के कारण भी लोगों की जॉइंट पेन की समस्या गम्भीर हो सकती है। आइए जानें बरसात में जोड़ों के दर्द की समस्या के कारण और कुछ घरेलू उपायों के बारे में।

बरसात में क्यों बढ़ जाता है जोड़ों में दर्द

जानकारों के अनुसार, जैसा कि खराब पाचन या कमजोर डाइजेशन के कारण भी जोड़ों में दर्द बढ़ सकता है। कई बार खाने-पीने की गलत आदतों के कारण लोगों को पेट में गैस, अपच और एसिडिटी जैसी परेशानियां हो सकती हैं। बरसात में की जाने वाली ऐसी ही कुछ गलतियां हैं-

खट्टी चीजों जैसी दही का सेवन

पचने में भारी और गैस बनाने वाले फूड्स जैसे राजमा , अरबी, उड़द दाल या कटहल खाना।

अधिक मसाले वाला खाना खाना

फ्रिज में रखा गया पुराना, ठंडा या बासी खाना

बासी भोजन खाना

खाना खाने के तुरंत बाद मेहनत वाले काम करना।

खाने के तुरंत बाद सो जाने की आदत।

रात में देर तकजागने की आदत।

जोड़ों के दर्द से आराम पाने के उपाय क्या हैं?

डाइजेशन सुधारे

जैसा कि पाचनशक्ति कमजोर होने के कारण लोगों को जोड़ो में दर्द की शिकायत हो सकती है। ऐसे में अपनी पाचनशक्ति को मजबूत और तेज बनाएं। इसके लिए-

इस हर्बल ड्रिंक को पीते ही कम होने लगता है गंदा कोलेस्ट्रॉल, जानिए इसे बनाने और सेवन का तरीका

पानी में मिलाएं ये 3 चीजें, पाचन तंत्र की सारी जमा गंदगी हमेशा के लिए हो जाएगी बाहर

हल्की डाइट लें।

सुबह गुनगुना पानी पीएं।

रात में सोने से 3-4 घंटे पहले खाना खा लें।

खाना खाने के बाद थोड़ी देर वॉक करें।

घरेलू नुस्खे अपनाएं

अपनी रोजमर्रा की डाइट में सौंफ, अदरक और हींग जैसी चीजों को शामिल करें, जो पाचन शक्ति बढ़ाती हैं।

काली मिर्च, तुलसी और मुलेठी की हर्बल टी पीएं।

इन बातों का रखें ध्यान

विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा के लिए सप्लीमेंट्स और विटामिन-डी रिच फूड्स का सेवन करें।

दिन में 15-20 मिनट की धूप सेंकें।

रेग्यूलर हेल्थ चेकअप कराएं और कैल्शियम, विटामिन डी या फॉस्फोरस जैसे तत्वों की कमी का पता चलने पर उनका उपचार करें।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।